# PK UNIVERSITY




NEWS LETTER (Vol.-3, Issue-1)
(January – March 2026)

## About PK University

P.K. University has been established keeping in view the foregoing are growing emphasis on global competitiveness, the need to bridge the gap between theory and practice and the growing demand for highly skilled personnel in the frontier areas of Management, Engineering and Technology, medicine, Architecture, Information Technology and Computing, Paramedical and Pharmacy, Insurance, Bio-sciences, fashion, Law, Hospitality and Tourism and other fields of education, the Sonal Educational Society proposes to establish as University in Shivpuri (M.P) entitled P.K. University encompassing all the major disciplines the majority of the courses will be innovative, practice oriented, flexible, modular and ensure that the students acquire the necessary skills and knowledge for successful careers. The University will establish a close liaison with the productive sector, broaden the mental horizons of its student and provide a stimulating place through study, stay and learn. This will meet the growing needs of the students of not only Madhya Pradesh but also India and abroad too. Since all the courses to be offered by P.K. University are going to be innovative and highly practical oriented this will go a long way in fulfilling the aspiration of student and parents at Utter Pradesh and adjoining area.

## 'आरोग्यपथारम्भः 2025' सफलतापूर्वक संपन्न, बी.ए.एम.एस. (BAMS) प्रथम वर्ष में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों की आयुर्वेद के नए सफर की शुरुआत!




पी. के. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पं. महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के अंतर्गत संचालित बी.ए.एम.एस. (BAMS) प्रथम वर्ष के नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित 15 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम 'आरोग्यपथारम्भः 2025' का 7 जनवरी 2026 को शानदार समापन हुआ।

इस 15 दिवसीय कार्यक्रम में इमरजेंसी ट्रेनिंग के अंतर्गत 'एडूफ़ोर्स' द्वारा CPR और फर्स्ट ऐड की लाइफ-सेविंग स्किल्स का प्रशिक्षण दिया गया, वदतु संस्कृतम के अंतर्गत प्राचीन भाषा संस्कृत के प्रति विद्यार्थियों का रुझान बढ़ाने हेतु विशेष सत्र का आयोजन किया गया, खेल एवं योग के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इनडोर-आउटडोर स्पोर्ट्स और योगाभ्यास कराया गया, विशेषज्ञ मार्गदर्शन के अंतर्गत वरिष्ठ शोध अधिकारियों और प्रतिष्ठित अतिथियों द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं पर व्याख्यान दिया गया।

इस अवसर पर पी.के. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे. पी. शर्मा, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, प्रति कुलपति डॉ. मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, आयुष संकाय के प्रधानाचार्य डॉ. वद्रेवु भास्कर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ द्विवेदी, डॉ. शुभम शर्मा, डॉ. सैलेना शर्मा, डॉ. आनंद, डॉ. कृष्णा, समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ सहित नव-प्रवेशित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कृषि संकाय के छात्रों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण




पी.के. विश्वविद्यालय के कृषि संकाय द्वारा दिनांक 9 जनवारी 2026 RAWE & AIA कार्यक्रम के अंतर्गत बीएससी एग्रीकल्चर (VIIth सेमेस्टर) के छात्रों के लिए एक विशेष शैक्षणिक विजिट का आयोजन किया गया।

कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष (HOD) डॉ. प्रभाकर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (RLBCAU) ICAR-केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान (CAFRI) का भ्रमण किया।

छात्रों ने 'क्रॉप प्रोडक्शन यूनिट' को देखा और विशेषज्ञों से "बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने" की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से सीखा। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और वैज्ञानिक अनुभव प्रदान करना है।

## पी.के. विश्वविद्यालय में #VBYLD2026 की लाइव स्ट्रीमिंग सफलतापूर्वक संपन्न




दिनांक 12 जनवारी 2026 को पी.के. विश्वविद्यालय के 'विश्वेश्वरैया सभागार' में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। शिक्षा मंत्रालय और UGC के मार्गदर्शन में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' के समापन सत्र का विश्वविद्यालय में सीधा प्रसारण किया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन ने विद्यार्थियों को विकसित भारत @2047 के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पी. के. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, प्रति कुलगुरु डॉ. मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## #VBYLD2026 और राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन







पी.के. विश्वविद्यालय में 13 जनवरी 2026 को #VBYLD2026 और राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया सभागार में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' और स्वामी विवेकानंद जी की 164वीं जयंती का संगम देखने को मिला। माननीय प्रधानमंत्री जी के 'विकसित भारत @2047' के विजन से प्रेरित होकर छात्रों ने राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री श्री देशराज नारौलिया, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, प्रति कुलगुरु डॉ. मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा सहित समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी के विश्वविद्यालय में शनिवार 'स्पोर्ट्स डे' की शानदार शुरुआत







दिनांक 17 जनवरी 2026 को पी के विश्वविद्यालय में शनिवार 'स्पोर्ट्स डे' की शानदार शुरुआत हुई। छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ ने इंडोर व आउटडोर खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल के जरिए टीम भावना और शारीरिक स्वास्थ्य का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। पूरा विश्वविद्यालय परिसर खेल की ऊर्जा और विद्यार्थियों के उत्साह से सराबोर रहा।

## ICAR-IGFRI, झाँसी के सहयोग से 'क्षितिज' (SHITIJ) स्टार्टअप बूटकैंप आयोजित





दिनांक 20 जनवरी 2026 पी.के. विश्वविद्यालय, शिवपुरी में ICAR-IGFRI, झाँसी के सहयोग से 'क्षितिज' (SHITIJ) स्टार्टअप बूटकैंप का शानदार आयोजन हुआ।

इस बूटकैंप का उद्देश्य हमारे छात्रों को सिर्फ डिग्री धारक नहीं, बल्कि 'जॉब क्रिएटर' बनाना है। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र में नए स्टार्टअप, इनोवेशन और उद्यमिता के गुर सिखाए गए। जिसमें बीज और रोपण सामग्री (Seed & Planting Material) पर विशेष फोकस, विशेषज्ञों द्वारा बिजनेस और टेक्निकल मेंटरिंग, फंडिंग और मार्केट लिंकेज के अवसरों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से छात्रों को प्रदान की गई। साथ ही, कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. विजय यादव पी. के. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभाकर, समस्त शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## पी.के. विश्वविद्यालय और एरो जर्नल्स के साझा प्रयासों से आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस (AICMRI 2026) सफलतापूर्वक संपन्न




दिनांक 21 जनवरी 2026 को पी.के. विश्वविद्यालय और एरो जर्नल्स के साझा प्रयासों से आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस (AICMRI 2026) सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस एक दिवसीय सम्मेलन में "Innovating for a Resilient Future" विषय पर गहन चर्चा की गई। एरो जर्नल्स के सहयोग से

आयोजित इस तीसरी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ने वैश्विक विशेषज्ञों और युवा शोधार्थियों को एक मंच प्रदान किया।

सम्मेलन में कूपर मेडिकल स्कूल, USA के वैज्ञानिक डॉ. लाल चंद्र विश्वकर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शोध की नई दिशाओं पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पी. के. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे.पी. शर्मा, कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश चन्द्र दुबे, प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष विश्वकर्मा, डॉ. मनीष, समस्त शैक्षणिक/अशैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




पी.के. विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश चन्द्र दुबे ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर क्षेत्रवासियों

को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को देश की पूँजी बताते हुए युवाओं को धैर्यवान, आशावादी एवं राष्ट्रवाद के प्रति चेतन रहने का आव्हान किया । विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डा. जे. के. कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान जाति, धर्म, संप्रदाय के आधार पर नागरिकों के साथ किसी भी भेदभाव के बिना सभी को समानता का अधिकार प्रदान करता है जो कि संविधान निर्माताओं की दूरद्रष्टि को दर्शाता है । साथ ही उन्होंने उन संघर्षो और कठिनाइयों पर भी प्रकाश डाला जिनका सामना संविधान निर्माताओं ने किया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य, भाषण व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी।

इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. जितेन्द्र कुमार मलिक, डीन अकादमिक डा. ऐमन फातमा एवं समस्त शैक्षणिक , अशैक्षणिक स्टाफ, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी संकाय के प्रधानाचार्य डा. विवेक गुप्ता ने किया एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महालक्ष्मी जौहरी द्वारा आभार प्रस्तुत किया गया।

## फार्मेसी छात्रों ने श्री बैद्यनाथ फैक्ट्री का किया शैक्षणिक भ्रमण, सीखीं औषधि निर्माण की बारीकियां





पी.के. विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान हेतु 29 जनवरी 2026 को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बी. फार्मेसी एवं डी फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने झांसी स्थित श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन फैक्ट्री का शैक्षणिक भ्रमण कर औषधि निर्माण की बारीकियां सीखीं।

बताते चलें कि दिनांक 29 जनवरी 2026 को आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सुबह 10:30 बजे से दोपहर 02:30 बजे तक फैक्ट्री की विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय द्वारा 'Explore the Industry' पहल के अंतर्गत छात्रों को यह समझने का अवसर मिला कि कैसे शोध प्रयोगशालाओं (Labs) में विकसित सूत्र बड़े पैमाने पर आधुनिक मशीनों के माध्यम से निर्मित किए जाते हैं। छात्रों ने आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण, मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा। भ्रमण के दौरान फैक्ट्री के तकनीकी विशेषज्ञों ने छात्रों को जड़ी-बूटियों के चयन से लेकर उनके शुद्धिकरण और अर्क निकालने की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। छात्रों ने विशेष

रूप से च्यवनप्राश, आसव-अरिष्ट, भस्म और विभिन्न आयुर्वेदिक वटियों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली ऑटोमैटिक मशीनों के संचालन को देखा।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक वातावरण से रूबरू कराना है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और आधुनिक फार्मेसी का समन्वय भविष्य में रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।

पी. के. विश्वविद्यालय से रवाना हुए इस दल का मार्गदर्शन संकाय के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक गुप्ता द्वारा किया गया। संस्थान का मानना है कि ऐसे भ्रमण से विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर औद्योगिक वातावरण का वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है, जो भविष्य में उनके करियर के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

इस यात्रा को लेकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों ने बताया कि लैब में पढ़ी गई थ्योरी को वास्तविकता में फैक्ट्री में काम करते देखना एक अनूठा अनुभव रहा। इससे उन्हें क्वालिटी कंट्रोल (QC) और गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (GMP) जैसे विषयों को समझने में काफी मदद मिली।

इस अवसर पर पी. के. विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं फार्मेसी संकाय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के इस शैक्षणिक अनुभव को सफल बनाने में सहयोग देने हेतु बैद्यनाथ प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## Feb-2026

## पी.के. यूनिवर्सिटी और ISTD भोपाल के बीच ऐतिहासिक समझौता (MoU), शिक्षा और कौशल विकास को लगेंगे नए पंख










पी.के. विश्वविद्यालय और इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (ISTD) के भोपाल चैप्टर के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रशिक्षण, कौशल विकास और अनुसंधान (Research) के नए अवसर पैदा करना है। दिनांक 07 फरवरी 2026 को आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इस समझौते को अंतिम रूप दिया

गया। पी.के. विश्वविद्यालय की ओर से प्रो वाइस-चांसलर प्रोफेसर मुकेश चंसोरिया और ISTD भोपाल चैप्टर की ओर से चेयरमैन श्री विकास चौधरी ने आधिकारिक दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए।

यह ऐतिहासिक गठबंधन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जे.पी. शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व और निदेशक डॉ. जे.के. मिश्रा के अथक प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर साक्षी के रूप में डॉ. संजय पयासी और श्री आसिफ खान भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पी.के. यूनिवर्सिटी के प्रबंधन ने इस समझौते पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम बुंदेलखंड के छात्र-छात्राओं को वैश्विक स्तर की ट्रेनिंग और एक्सपोज़र दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। ISTD के साथ जुड़कर विश्वविद्यालय अपने 'स्किल इंडिया' के मिशन को और मजबूती प्रदान करेगा।

## बुंदेलखंड में वैज्ञानिक क्रांति : पी.के. यूनिवर्सिटी और CMBR भोपाल के बीच समझौता; अब छात्र सीखेंगे मॉलिक्यूलर बायोलॉजी की हाई-टेक तकनीकें



पी.के. यूनिवर्सिटी (शिवपुरी) तथा भोपाल स्थित ख्याति प्राप्त सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर बायोलॉजी रिसर्च (CMBR) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य लाइफ साइंसेज (जीवन विज्ञान) के क्षेत्र में शैक्षणिक और वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देना है। समझौते पर पी.के. यूनिवर्सिटी की ओर से प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर मुकेश चंसोरिया और सीएमबीआर की ओर से संस्थापक एवं निदेशक डॉ. दीपक भारती ने हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत, पी.के. यूनिवर्सिटी के बीएससी (B.Sc.) और एमएससी (M.Sc.) के छात्रों को सीएमबीआर की विशिष्ट प्रयोगशाला में उन्नत प्रशिक्षण (Advanced Training), इंटर्नशिप और शोध प्रबंध (Dissertation) के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। सीएमबीआर अपनी अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं के माध्यम से छात्रों को PCR (पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन), रियल-टाइम PCR, ब्लॉटिंग तकनीकें

(आणविक जीवविज्ञान की महत्वपूर्ण पद्धति) जैसी आधुनिक तकनीकों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

यह MoU आगामी पांच वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा। इसके अंतर्गत दोनों संस्थान शोधकर्ताओं और छात्रों का आदान-प्रदान करेंगे, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन करेंगे तथा वैज्ञानिक प्रकाशनों और सूचनाओं को साझा करेंगे।

इस अवसर पर प्रोफेसर मुकेश चंसोरिया ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के छात्रों को वैश्विक स्तर की वैज्ञानिक विशेषज्ञता प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वहीं, डॉ. दीपक भारती ने विश्वास जताया कि इस सहयोग से क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बल मिलेगा।

इस ऐतिहासिक कदम से न केवल छात्रों के तकनीकी कौशल में वृद्धि होगी, बल्कि भविष्य में उनके करियर और रोजगार की संभावनाओं को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

## बी.ए.एम.एस. विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से सिखाया मानसिक सेहत और प्राथमिक उपचार का महत्व






दिनांक 21 फरवरी 2026 को पी.के. विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल के आयुष संकाय के छात्र-छात्राओं ने सामाजिक सरोकार की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। बी.ए.एम.एस. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्राम दिनारा में 'मानसिक स्वास्थ्य और प्राथमिक चिकित्सा' जैसे गंभीर विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने न केवल अपनी कला का प्रदर्शन किया, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य संबंधी सवालों के जवाब भी दिए।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने बड़ी ही सरलता से समझाया कि मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना कितना घातक हो सकता है। साथ ही, आपातकालीन स्थिति में 'प्राथमिक चिकित्सा' के महत्व को दर्शाते हुए बताया गया कि कैसे समय पर दी गई मदद किसी का जीवन बचा सकती है। नाटक को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की।

इस दौरान पी. के. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, उप कुलपति डॉ. मुकेश चंसोरिया,  कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, डॉ. कौशल नरेश अमर एवं पंडित महावीर प्रसाद मेमोरियल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल से प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार खरे, मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभम शर्मा, डॉ. सैलेना शर्मा, डॉ. कृष्णा, डॉ. आनंद, डॉ. वंशीलाल उपस्थित रहे।

## 'स्वदेशी कृषि पद्धतियों' पर संगोष्ठी आयोजित, वर्मी कम्पोस्ट व नेचुरल फार्मिंग यूनिट का हुआ उद्घाटन










दिनांक 23 फरवरी 2026 को, पी.के. यूनिवर्सिटी के कृषि विभाग द्वारा NEP SAARTHI IKS (Indian Knowledge System) WEEK के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। "स्वदेशी कृषि पद्धतियाँ (Indigenous Farming Practices)" विषय पर केंद्रित इस संगोष्ठी ने आधुनिकता के साथ अपनी जड़ों की ओर लौटने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु दो महत्वपूर्ण इकाइयों जैविक खाद उत्पादन के गुर सिखाने हेतु वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं रसायन मुक्त खेती के प्रदर्शन हेतु नेचुरल फार्मिंग यूनिट का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर पी.के. यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री जे. पी. शर्मा, निदेशक डॉ. जे. के. मिश्रा, कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. योगेश चन्द्र दुबे, उपकुलपति प्रो. (डॉ.) मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभाकर कुमार, डॉ. रणवीर सिंह, डॉ.

महेन्द्र चौधरी, अजय जाटव, प्रहलाद यादव और रामपाल रजक उपस्थित रहे एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई और विशेषज्ञों से स्वदेशी तकनीकों के गुर सीखे।

## March – 2026

## 'होली मिलन समारोह 2026' का भव्य आयोजन



दिनांक 2 मार्च 2026 को, पी.के. विश्वविद्यालय में 'होली मिलन समारोह 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति श्री जे.पी. शर्मा जी, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे जी और निदेशक डॉ. जे.के. मिश्रा जी ने समस्त स्टाफ को संबोधित करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं।

खुशियों के इस उत्सव में प्रति कुलपति डॉ. मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेंद्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा , छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## 'नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे' के अवसर पर पी.के. यूनिवर्सिटी एवं तलवार फार्मा व मंथन फार्मास्युटिकल पोडियम, रुड़की के बीच हुई साझेदारी




दिनांक 6 मार्च 2026 को, 'नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे' के पावन अवसर पर, पी.के. यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संकाय ने फार्मेसी जगत के पितामह डॉ. एम.एल. श्रॉफ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक नई

उपलब्धि हासिल की है। भविष्य की फार्मास्युटिकल शिक्षा को और अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए पी.के. यूनिवर्सिटी एवं तलवार फार्मा व मंथन फार्मास्युटिकल पोडियम, रुड़की के बीच एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी (MoU) पर चर्चा हेतु ऑनलाइन बैठक संपन्न हुई। इस साझेदारी के अंतर्गत छात्र इंटर्नशिप, संकाय विनिमय (Faculty Exchange), संयुक्त अनुसंधान, आधुनिक फार्मा ट्रेंड्स के अनुसार नए शोध और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कॉन्फ्रेंस हॉल से आयोजित इस ज़ूम मीटिंग में प्राचार्य डॉ. विवेक गुप्ता और तलवार फार्मा के निदेशक डॉ. विपिन कुक्कुर ने इस सहयोग को छात्रों के करियर के लिए 'मील का पत्थर' बताया।

## 'मानसिक तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलू' विषय पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण 'मनोबल सत्र' आयोजित










उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में 'मानसिक तनाव प्रबंधन के विभिन्न पहलू' विषय पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण 'मनोबल सत्र' का सफल आयोजन किया गया।

पी. के. विश्वविद्यालय के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस सत्र में ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को तनाव मुक्त जीवन जीने और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के व्यावहारिक गुर सिखाए। वर्तमान समय में शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ मानसिक संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है।

दिनांक 13 मार्च को डॉक्टर तन्मय जोशी सहायक प्राध्यापक एआईआईएमएस 14 मार्च श्री मनोज कुमार शर्मा जी आईपीएस मुंबई पुलिस 16 मार्च श्री विक्रमादित्य स्वास्थ्य श्री सत्संग सेवा संगठन मध्य प्रदेश से

आज अंतिम दिवस 17 मार्च मनोवैज्ञानिक सागर ग्रुप भोपाल ने मानसिक तनाव कम करने के संबंध में विभिन्न पहलुओं पर आधारित मनोबल सत्र का आयोजन तीन से चार बजे तक पी.के .विश्वविद्यालय के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किए गए

इस अवसर पर पी. के. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, सम-कुलगुरु डॉ. मुकेश चंसोरिया, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन 'मनोबल सत्र' संपन्न



दिनांक 24 मार्च 2026 को, पी. के. विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन 'मनोबल सत्र' का भव्य समापन हुआ। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस सत्र में विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव को मात देने और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के गुर सिखाए गए। MS Teams और YouTube के माध्यम से डिजिटल जुड़ाव हुआ। समापन सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. विनय मिश्रा (प्राध्यापक, BSSS) ने 'Stress Management During Exam Period' पर व्यावहारिक टिप्स साझा किए। साथ ही, उच्च शिक्षा मंत्री महोदय का विशेष मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। 13 मार्च से निरंतर जारी इस श्रृंखला में IPS मनोज कुमार शर्मा और AIIMS के डॉ. तन्मय जोशी जैसे दिग्गजों का मार्गदर्शन मिला। पी. के. विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सदैव तत्पर है।

इस अवसर पर पी. के. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चन्द्र दुबे, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. जे. के. मिश्रा, सम-कुलगुरु डॉ. मुकेश चन्सोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, मानसिक स्वास्थ्य समिति की नोडल अधिकारी प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप आयोजित

P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)

media coverage

21 JANUARY 2026

'क्षितिज' स्टार्टअप बूटकैंप संपन्न

### विद्यार्थियों को मिला उद्यमिता का मंत्र, कृषि नवाचार पर रहा जोर



शिवपुरी. पीके विश्वविद्यालय के परिसर में मंगलवार को 'क्षितिज' स्टार्टअप एवं उद्यमी ऊष्मायन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कृषि नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नौकरी खोजने वाले के स्थान पर नौकरी सृजक बनने प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ विजय यादव ने आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार युवा इन नवीन तकनीकों को अपनाकर कृषि आधारित स्टार्टअप स्थापित कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभाकर ने 'क्षितिज' कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पहल विशेष रूप से बीज, रोपण सामग्री एवं संबंधित क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। चयनित स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण, विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन, फंडिंग सहायता, बाजार से जुड़ने के अवसर तथा पायलट प्रोजेक्ट्स की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि इच्छुक विद्यार्थी अपने प्रोटोटाइप अथवा न्यूनतम व्यवहार्य उत्पाद के साथ 24 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि चयन प्रक्रिया 28 एवं 29 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर पीके विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो डॉ योगेश चन्द्र दुबे, कुलसचिव डॉ जितेन्द्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

### पीके विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया



शिवपुरी| पीके विश्वविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. योगेश चन्द्र दुबे ने ध्वजारोहण कर क्षेत्रवासियों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवाओं को देश की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए राष्ट्रवाद, धैर्य और आशावाद के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक डॉ. जीतेंद्र कुमार मिश्रा ने संविधान की समानता और इसके निर्माताओं द्वारा झेले गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुलसचिव डॉ. जितेंद्र कुमार मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी संकाय के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक गुप्ता ने किया, जबकि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. महालक्ष्मी जौहरी ने आभार व्यक्त किया।

## March – 2026

## पी के विश्वविद्यालय के 18 छात्रों का जे के टायर में चयन




पत्रिका

बिजनेस न्यूज

### पीके विश्वविद्यालय के 18 छात्रों का जेके टायर में चयन

शिवपुरी. पीके विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कैंपस प्लेसमेंट में सफलता हासिल करते हुए एक और उपलब्धि दर्ज की है। हाल ही में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और केमिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के 18 विद्यार्थियों का चयन जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड में हुआ है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार चयनित विद्यार्थियों को कंपनी में डिप्लोमा ट्रेनी पद पर नियुक्त किया गया है। चयनित छात्रों को मासिक स्टाइपेंड के साथ सब्सिडी युक्त भोजन, परिवहन सुविधा तथा ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, अनुशासन और शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया गया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेपी शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनी में चयन विश्वविद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण है।

## पी के विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह




स्वदेश

### पी.के. विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

शिवपुरी। पी.के. विश्वविद्यालय में सोमवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। फूलों और रंगों की फुहार के बीच विश्वविद्यालय परिवार ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उल्लास और भाईचारे का माहौल रहा।

कुलाधिपति जे.पी. शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय परिवार की एकता को सुदृढ़ करते हैं। निदेशक डॉ. जे.के. मिश्रा ने कहा कि रंगों का यह पर्व कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा और सकारात्मकता लाता है, जिसे शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों में बदलना चाहिए। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) योगेश चंद्र दुबे ने शैक्षणिक उत्कृष्टता पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच स्नेह का रंग सदैव बना रहना चाहिए।

इस अवसर पर प्रति कुलपति डॉ. मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ. जितेंद्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) महालक्ष्मी जौहरी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




दैनिक पालिग्राफ मंगलवार 03 मार्च 2026

### पी. के. विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'होली मिलन समारोह'

दैनिक पालिग्राफ मंगलवार 03 मार्च 2026

पी. के. विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'होली मिलन समारोह'




पत्रिका

### होली रंगों का नहीं बुराइयों को खत्म करने का पर्व भी है: शर्मा

मां सरस्वती की पूजा करते यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी।

शिवपुरी@पत्रिका. जिले के दिनारा में थनरा स्थित पीके विवि में सोमवार 2 मार्च को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। फूलों व रंगों की फुहार के बीच विवि परिवार के सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में कुलाधिपति जेपी शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर की बुराइयों को समाप्त कर प्रेम और सद्भाव को अपनाने का पर्व है। निदेशक डॉ जेके मिश्रा ने सभी को बधाई देते हुए कहा रंगो का यह उत्सव कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करता है। कुलगुरु प्रो डॉ योगेश चन्द्र दुबे ने शैक्षणिक उत्कृष्टता पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच स्नेह का यह रंग हमेशा बना रहे। समारोह में कुलपति डॉ मुकेश चंसोरिया, कुलसचिव डॉ जितेंद्र मलिक, डीन अकादमिक डॉ ऐमन फातमा एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो डॉ महालक्ष्मी जौहरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# <u>पी के विश्वविद्यालय और तलवार फार्म के बीच एमओयू</u>



P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)
media coverage

07 March 2026

स्वदेश

## पीके यूनिवर्सिटी और तलवार फार्मा के बीच एमओयू

### छात्रों को मिलेगा इंडस्ट्रियल व क्लिनिकल एक्सपोजर, शोध और इंटर्नशिप के नए अवसर

शिवपुरी। फार्मेसी शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ने के उद्देश्य से पीके. युनिवर्सिटी के फार्मेसी संकाय और तलवार फार्मा व मंथन फार्मासिशियल पोडियम के बीच शुक्रवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता नेशनल फार्मेसी एजुकेशन डे के अवसर पर ऑनलाइन बैठक के माध्यम से संपन्न हुआ, जो भारतीय फार्मेसी के जनक डॉ. एम. एल. स्क्रॉफ की स्मृति में मनाया जाता है।

एमओयू के तहत फार्मेसी छात्रों को औद्योगिक और क्लिनिकल अनुभव, इंटर्नशिप, संकाय विनिमय तथा संयुक्त शोध के अवसर मिलेंगे। बैठक में डॉ. विवेक गुप्ता और तलवार फार्मा के निदेशक डॉ. विपिन कुक्कुर ने साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। डीन अकादमिक डॉ. ऐमन फातमा ने कहा कि यह समझौता छात्रों को उद्योग की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम में कुलाधिपति जे.पी. शर्मा कुलगुरु प्रो. योगेश चंद्र दुबे सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

1800-8900-478 | www.pkuniversity.edu.in | info@pkuniversity.edu.in